महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय

MAHARSHI PANINI SANSKRIT EVAM VEDIC VISHWAVIDYALAYA
देवासमार्ग, उज्जैन (मध्यप्रदेश:) 456010

E-mail-regpsvvmp@rediffmail.com, Website-www.mpsvv.ac.in

क्र./मपासंवि/कु.स./2021/56 उज्जैन, दिनांक / /2021

सूचना

सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा कोविड-19 के संकट के चलते खुली किताब (Open Book) पद्धति द्वारा शास्त्री/बी.ए./बी.ए.ऑनर्स/बी.ए.बीएड. प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष, आचार्य द्वितीय सेमेस्टर, एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर परीक्षायें अधोलिखित नियम-निर्देशों के अनुसार आयोजित की जा रही है।

क्र.	कार्यविवरण	दिनांक
01	विश्वविद्यालय द्वारा वेबसाइट पर प्रश्नपत्र अपलोड करने की तिथि	15.07.2021
02	परीक्षार्थियो द्वारा उत्तरपुस्तिकायें महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि	25.07.2021
03	महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालयों को उत्तरपुस्तिकायें भेजने की अन्तिमतिथि	29.07.2021
04	विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करने की अन्तिम तिथि	30.08.2021

1. विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध सभी महाविद्यालय उत्तरपुस्तिका संग्रहण केन्द्र होंगे। परीक्षार्थी सुविधानुसार कहीं भी उत्तरपुस्तकायें जमा कर सकेंगे। संग्रहण केन्द्र सूची (संलग्रक - 03) संलग्न है।
2. ओपन बुक परीक्षा के लिए निर्धारित समय 16 जुलाई से 24 जुलाई है। जिसके प्रश्नपत्र 15 जुलाई 2021 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpsvv.ac.in पर अपलोड किये जायेंगे तथा महाविद्यालय के ईमेल पर भी प्रेषित किये जायेंगे।
3. परीक्षार्थी निर्धारित समयसीमा में घर से ही ओपन बुक परीक्षा देगा। वह A4 साइज के पेपर में प्रश्नोत्तर लिखेगा तथा सभी प्रश्नपत्रों की उत्तरपुस्तिकायें एक साथ महाविद्यालय/संग्रहण केन्द्र में दिनांक 25 जुलाई 2021 को सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रुप से जमा करेगा। यदि परीक्षार्थी व्यक्तिगत उपस्थित होकर उत्तरपुस्तिकायें महाविद्यालय में जमा करने में असमर्थ है तो उसे दिनांक 25-जुलाई-2021 तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा उत्तरपुस्तिकायें अध्ययनरत महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग के पते पर भेजना अनिवार्य होगा। नियत तिथि के पश्चात् भेजी गयी उत्तरपुस्तिकायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।
4. प्रत्येक परीक्षार्थी A4 साइज के पेपर की स्वनिर्मित उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर संलग्रक-1 को चस्पा करेगा तथा आवश्यक जानकारी अनिवार्य रूप से भरेगा। प्रत्येक प्रश्नपत्र में 10 प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमे से परीक्षार्थी को पांच प्रश्न हल करने होंगे।
5. उक्त प्रश्नपत्रों को परीक्षार्थियों द्वारा स्वयं डाउन लोड किया जाकर हल करना है। कठिनाई आने पर प्राचार्य से अथवा विश्वविद्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।
6. उत्तरपुस्तिका हेतु पेपर (कागज) की व्यवस्था परीक्षार्थियों को स्वयं करनी होगी।

7. उत्तर पुस्तिका हस्तलिखित (Hand Written) होना अनिवार्य है। टाइप की हुई, प्रिंटेड अथवा कम्प्यूटराइज उत्तर पुस्तिकाएँ स्वीकार नही होगी

8. विश्वविद्यालय स्तर पर इस कार्य के लिए एक विशेष सेल की स्थापना की गई है, जहाँ पर परीक्षा सञ्चालन के समय प्रतिकार्य दिवस 10:30 से 05:30 बजे तक सेल प्रभारी श्री ललित कुमार शर्मा से फोन नं. **9754043442** पर सम्पर्क किया जा सकता है।
9. छात्र महाविद्यालय उत्तरपुस्तिका जमा करने के पश्चात् पावती संलग्नक - 02 आवश्यक रुप से प्राप्त करें। इस हेतु छात्र से किसी भी प्रकार के शुल्क की मांग नही की जावेगी।

कुलसचिव

क्र./मपासंवि/कु.स./2021/57 उज्जैन, दिनांक / /2021

प्रतिलिपिः-

1. मान. कुलपति, उपकुलपति, कुलसचिव जी के निज सहायक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
2. विभागाध्यक्ष, वि.वि. अध्यापन विभाग, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
3. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय की और सूचनार्थ तथा उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु।
4. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (परीक्षा), महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
5. डॉ. संकल्प मिश्र, आई.टी. सेल प्रभारी की ओर वेबसाईट पर अपलोड करने तथा महाविद्यालयों को ईमेल करने हेतु ।

कुलसचिव